हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

16 डंडा नृत्य मांदर की थाप पर थिरके बुजुर्ग और बच्चे



20 अन्नदान का महापर्व छेरछेरा की धूम दान मांगने घर-घर पहुंची बच्चों की टोली





## खबर संक्षेप

### अब तक नहीं बनाया डिजिटल हस्ताक्षर

मुड़पार-सरसीवां। जिला कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणित (डीएससी) नहीं बनाया गया है, जिससे पंचायत प्रतिनिधि से लेकर लाभार्थी ग्रामीण योजनाओं के लिए भटक रहे हैं। पूरे जिले के सर्वदलीय नेताओं, ब्लॉक, जनपद, ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण इलाकों के लोगों ने जल्द डीएससी तैयार करने की मांग की है, ताकि लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टोरेट कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि जल्द ही डीएससी का काम किया जाएगा।

# जिले में आरक्षक भर्ती के लिए निकाले विज्ञापन में अजा वर्ग के पद का उल्लेख नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सारंगढ़ बिलाईगढ़ नवीन जिला बन गया है। नवीन जिला बनने पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इस अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र के जिला में जो आरक्षक भर्ती की जाना है उसमें 1 भी पद अजा वर्ग के लिए नसीब नहीं हुआ है। इसकी इस वर्ग के लोगों, विभिन्न संगठनों ने कड़ी निंदा करते हुए शासन प्रशासन को आंदोलन की चेतवानी दी है। विदित हो कि जांजगीर लोकसभा सीट अनुसूचित जाति की है, जहां भाजपा के गुहाराम अजगल्ले सांसद हैं। सारंगढ़ में उत्तरी जांगडे कांग्रेस विधायक, बिलाईगढ़ ने कविता प्राण लहरे विधायक हैं फिर भी जिला के आरक्षक भर्ती में 1 पद भी नसीब न होना समाज के दुर्भाग्य और समाज के सांसद-विधायक के कार्य प्रणाली पर बड़ा सवाल उठ रहा है।

विदित हो कि जिला अस्तित्व में आने के बाद जिला स्तरीय पुलिस आरक्षक की भर्ती निकाली गई है, जहां पूरे जिले के लिए 320 पद निकाले गए हैं। अनुसूचित जनजाति के लिए 158 और अनारक्षित 147 हैं जबकि इस जिले में 28 प्रतिशत की बहुलता रखने वाले अनुसूचित जाति के लिए शून्य पद कर दिया गया है, जबकि 80 से 90 पद स्वीकृत किया जाना था। यह सीधा सीधा उनके अधिकारों से वंचित किया जाना है, जो बिना ▶▶ शेष पेज 16 पर

## सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों पर सामाजिक लोगों ने जतायी नाराजगी

### रोस्टर के अनुसार मिलती है स्वीकृति

इस संबंध में समाज के सांसद, विधायक, नेतागण, संगठन के मुखिया और पुलिस अधिकारी – इस विषय पर पूर्व सांसद, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट गोविंद राम मिरी ने कहा की जहां भी नियुक्तियां होती है सब रोस्टर के अनुरूप पद स्वीकृत और सृजन किया जाना चाहिए। हमारे प्रतिनिधि ने जब लोकसभा क्षेत्र जांजगीर के सांसद गुहाराम अजगल्ले से फोन पर चर्चा की तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

### किसी ने मोबाइल रिसीव किया, किसी ने नहीं

जिला के पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के पास फोन से संपर्क किया तो उन्होंने मोबाइल पर किसी प्रकार की जानकारी देने से मना करते हुए कार्यालय आने की बात कही। वहीं बिलाईगढ़ क्षेत्र की विधायक कविता लहरे से संपर्क किया तो उनके पति प्राण लहरे ने मोबाइल रिसीव किया और कहा की कार्यक्रम से देर रात घर आने के कारण मैडम अभी सो रही है। इस विषय में बाद में आपसे बात कराऊंगा कहा। जब दूसरे बार फोन किया तो मोबाइल रिसीव नहीं किए। विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़ की विधायक उत्तरी जांगडे ने इस संदर्भ में उच्च अधिकारियों से जानकारी लेकर बताने की बात कही। वहीं बिलाईगढ़ के भाजपा नेता बलिराम सांडे ने भी कहा कि उच्च अधिकारियों से जानकारी लेकर कुछ कह पाऊंगा।

### आंदोलन करेंगे : बसपा

इधर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने कहा कि सारंगढ़ जिले के अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के युवा वर्ग के लिए आरक्षक का 1 पद स्वीकृत न होना दुर्भाग्य और बहुत ही निंदनीय बात है। इनके हक, अधिकारों के लिए हम आंदोलन करेंगे और हर हाल में पुलिस विभाग से पद स्वीकृत ▶▶ शेष पेज 16 पर

# अंबुजा सीमेंट संयंत्र में हादसा, श्रमिक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र ग्राम रवान में गुरुवार शाम को घटित हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही वहां कार्यरत श्रमिक एकत्रित हुए और विरोध जाहिर किया।

■ घटना के बाद श्रमिकों में आक्रोश

जानकारी देते हुए बताया गया है कि संयंत्र के पैकिंग प्लांट के समीप कार्यरत श्रमिक सोहन साहू 52 वर्ष निवासी ग्राम कुसमी वहां आ रही रेल की चपेट में आ गया। दुर्घटना के पश्चात घायल श्रमिक को तुरंत संयंत्र प्रबंधन और साथी श्रमिकों द्वारा जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार लाया गया, जहां उपस्थित चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। दुर्घटना में साथी श्रमिक की मौत होने की जानकारी लगते ही कई श्रमिकों द्वारा संयंत्र के मेन गेट के ▶▶ शेष पेज 16 पर

## आत्महत्या : लगभग 6 साल पहले हुई थी दोनों की शादी

# शिक्षक दम्पति ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जारा में गुरुवार सुबह शिक्षक दंपत्ति ने एक ही झूले पर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। जानकारी अनुसार मृतक रामेसर वर्मा 30 साल और पत्नी हेमलता वर्मा दोनों ग्राम जारा के पं. दीवान के मकान में किराए से रहते थे। पति पास के ग्राम मुसुवाडीह स्कूल में शिक्षक था, जो रोज जारा से आना जाना करता था। वहीं दोनों पति पत्नी की मौत की खबर से ग्रामीण भी सख्ते में हैं।

**मोबाइल रिसीव नहीं करने पर लड़की के पिता और दादा को हुई थी शंका**



### एक साल से निवास कर रहे थे जारा में

दोनों पति-पत्नी एक साल से उस मकान में किराए से रहते थे, जो मृतक का मूल गांव नवागांव मल्लाहार है। वह अपनी नौकरी के कारण यहां रहता था। दोनों की शादी को 5-6 साल हुआ है और उनका कोई संतान नहीं है। इसलिए सिर्फ घर पर दोनों पति पत्नी रहते थे।

### दिन में बेटी ने पिता को फोन कर जारा बुलाया था

वहीं घटना को सबसे पहले देखने वाले लड़की के पिता अशोक वर्मा और उसका दादा है, जिन्हें दिन में लड़की ने फोन किया था कि वे लोग जारा आए। जब पिता सुबह उठे और बेटी और दामाद को फोन लगाया तो दोनों का मोबाइल बंद आया, जिससे अनहोनी की आशंका के चलते पिता अशोक और दादा दोनों ग्राम जारा पहुंचे, जहां दरवाजा अंदर से बंद था तो खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर बेटी-दामाद फांसी में लटके थे। इसके बाद गांव वालों की मदद से घर का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसे, तो बेटी बेड पर नीचे झूल कर बैठी हुई थी, जबकि दामाद रस्सी में लटकता मिला। इससे दोनों की जान जा चुकी थी। वहीं पिता ने बताया की छह माह पहले पति-पत्नी के बीच सामान्य विवाद हुआ था, जिसे समझाकर शांत किए थे। उसके बाद कोई बात सामने नहीं आई थी। कल रात फोन कर बुलाई थी, मगर आने के पहले ही बेटी और दामाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए।

## लवन में अखंड नवधा रामायण 27 से

**लवन।** नगर के चंडी मंदिर प्रांगण धीमरपारा में अखंड नवधा रामायण समारोह का शुभारंभ 27 जनवरी से प्रारंभ होगा। नव दिवसीय अखंड नवधा रामायण समारोह में आकर्षक पुरस्कार दिए जाने व्यवस्था की गई है। इसमें प्रथम पुरस्कार 7,051 रुपए पार्षद मृत्युंजय पांडे द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 5051 रुपए पार्षद एसकुमार धीवर द्वारा, तृतीय पुरस्कार 4051 रुपए ढालेश्वर धीवर द्वारा प्रदान किया जाएगा। मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 4 फरवरी को संपन्न होगा। सहस्त्रधारा विसर्जन हवन का कार्यक्रम 5 फरवरी को संपन्न होगा। अखंड नवधा रामायण समारोह के आयोजक गंगा चौधरी, गेंद्राम सेन, संजय यादव, एस कुमार धीवर सहित चंडी मंदिर धीमरपारा समिति ने बताया कि मानसगान के प्रत्येक टोलियां के लिए आकर्षक इनाम रखा गया है।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468




गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि जिला कार्यालय, बलौदाबाजार
Email-haribhoomibbz@gmail.com
आशीष नत्थानी
MO- 9691399111
पुरूषोत्तम नत्थानी
ब्यूरो प्रमुख, जिला–बलौदाबाजार
MO- 9425522544, 8224035555
January


मा.विष्णुदेव साय
मा. विजय शर्मा
मा. बृजमोहन अग्रवाल
मा. दयालदास बघेल
मा. केदार कश्यप
मा. लखन देवांगन
मा.श्यामबिहारी जयसवाल
मा. ओपी चौधरी
मा. लक्ष्मी रजवाड़े
मा. इन्द्र साव
मा. संदीप साहू
समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मा. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री (छ.ग.) एवं
विभागीय मंत्री, लोक निर्माण विभाग (छ.ग.)
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, राजस्व एवं
युवा खेल कल्याण विभाग (छ.ग.)
विनीत- समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार
संभागीय कार्यालय लोक निर्माण विभाग बलौदाबाजार


मा.विष्णुदेव साय
मा. विजय शर्मा
मा. अरूण साव
मा. बृजमोहन अग्रवाल
मा. दयालदास बघेल
मा. ओपी चौधरी
मा. लखन देवांगन
मा.श्यामबिहारी जयसवाल
मा. लक्ष्मी रजवाड़े
मा. इन्द्र साव
मा. संदीप साहू
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मा. केदार कश्यप जी
मंत्री
जल संसाधन विभाग (छ.ग.)
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, राजस्व एवं
युवा खेल कल्याण विभाग (छ.ग.)
विनीत- समस्त अधिकारी कार्मचारी एवं ठेकेदार
संभागीय कार्यालय जल संसाधन विभाग बलौदाबाजार



गणतंत्र दिवस 26
समस्त प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
विजय केशरवानी
टेशूलाल धुरंधर
सुरेन्द्र टिकरिहा
कृष्णा अवस्थी
चित्तावर जायसवाल
अशोक जैन
नंद कुमार साहू
श्रीमती सुमन वर्मा
श्रीमती नीलम सोनी
नरेश केसरवानी
उमेश बाजपेयी
श्रीमती सुनीता वर्मा
रितेश श्रीवास्तव
खोडस कश्यप
राजेश वर्मा
कपिल कश्यप
मान. श्री टंकराम वर्मा जी
मंत्री
खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
विनीत – समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा बलौदाबाजार (छ.ग.)
प्रिन्ट पार्टनर



MARUTI
INFRASTRUCTURE
ऐ मेरे वतन के लोगों तुम खूब लगा लो नारा, ये शुभ दिन है हम सब का लहरा लो तिरंगा प्यारा
पर मत भूलो सीमा पर वीरों ने है प्राण गंवाए, कुछ याद उन्हें भी कर लो जो लौट के घर न आये।
Near New Bus Stand Main Road, Baloda Bazar
Dist. Baloda Bazar 493332 (C.G.)
Email : marutiinfrastructurebbz@gmail.com
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Ashish Natthani




मा.विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. अरूण साव उप मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. बृजमोहन अग्रवाल केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. दयालदास बघेल केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. ओपी चौधरी केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. लखन देवांगन केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा.श्यामबिहारी जयसवाल केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. लक्ष्मी रजवाड़े केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. इन्द्र साव विधायक
मा. संदीप साहू विधायक
मा. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री (छ.ग.)
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, राजस्व एवं युवा खेल कल्याण विभाग (छ.ग.)
जिला पंचायत बलौदाबाजार की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राकेश वर्मा जी
अध्यक्ष, जिला पंचायत, बलौदाबाजार, भाटापारा
श्रीमती सरिता ठाकुर
उपाध्यक्ष-जिला पंचायत, बलौदाबाजार-भाटापारा

पानी की रक्षा, देश की सुरक्षा
HAPPY REPUBLIC DAY
INDIA
26TH JANUARY
FREEDOM IN MIND, FAITH IN WORDS, PRIDE OF OUR SOULS, LET'S SALUTE THE NATION
UltraTech CEMENT
The Engineer's Choice
INDIA'S NO.1 CEMENT




सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान
















प्रस्तुति- पुरूषोतम नत्थानी, ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि, जिला कार्यालय-बलौदाबाजार मो. 9425522544


Ambuja Cement
विराट कम्प्रेसिव स्ट्रेन्थ
adani Cement
हमारी पहचान,
मज़बूत,
महान संविधान
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं


संभागीय कार्यलाय
प्रधानमंत्री सड़क निमार्ण विभाग
कि ओर से
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री
मान. टंकराम वर्मा जी
राजस्व, खेलकुद, युवा कल्याण मंत्री
विनित:- समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार
प्रधानमंत्री सड़क निमार्ण विभाग- बलौदाबाजार


कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी विभाग
कि ओर से
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री
मान. टंकराम वर्मा जी
राजस्व, खेलकुद, युवा कल्याण मंत्री
विनित:- समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारगण
ग्रामीण यांत्रिकी विभाग- बलौदाबाजार


श्री रायपुर सीमेंट प्लांट
(श्री सीमेंट लिमिटेड की इकाई)
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
BANGUR MAGNA
BANGUR POWERMAX
BANGUR ROCKSTRONG
BANGUR JUNGRODHAK
ग्राम-खपराडीह, तहसील-सुहेला, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)













प्रस्तुति- पुरुषोत्तम नत्थानी, ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि, जिला कार्यालय-बलौदाबाजार मो. 9425522544


समस्त क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
संदीप साहू
विधायक विधानसभा कसडोल
रोहित साहू
अध्यक्ष तहसील साहू समाज पलारी
हितेन्द्र ठाकुर
जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ब.बा. भा.


ग्राम पंचायत घिरघोल की ओर से
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमारी साहू
सरपंच
गुलाब सिंह साहू
उपसरपंच
खिलेन्द्र चन्द्राकर
सचिव
पिंकी साहू
पंच
पुष्पा चन्द्राकर
पंच
चन्द्रकला साहू
पंच
गायत्री साहू
पंच
इन्द्रा बंजारे
पंच
कोटवार
निर्मला यादव
पंच
चम्पेश्वरी साहू
पंच
धरमीन बंजारे
पंच
जगनु यादव
पंच
ममता पटेल
रोजगार सहायक
विनीत- समस्त ग्रामवासी घिरघोल


ग्राम पंचायत दतान (प) की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
वेदप्रकाश वर्मा
सरपंच
दशरथ चन्द्राकर
उपसरपंच
अरूण कुमार कैवर्त्य
सचिव
देवनाथ वर्मा
बिहारी वर्मा
फागुराम धीवर
हितेश वर्मा
तामेश्वर चन्द्राकर
नरोतम चेलक
बी. आर. चतुर्वेदी
श्रीमती राधाबाई फेकर
श्रीमती मालती वर्मा
श्रीमती लक्ष्मी वर्मा
श्रीमती राधिका वर्मा
श्रीमती वीनु वर्मा
श्रीमती मालती चन्द्राकर
श्रीमती ईतवारा माण्डले
श्रीमती शारदा ध्रुव
श्रीमती रीना यादव
श्रीमती ललिता साहू
श्रीमती कांति माण्डले
विनीत- समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत दतान (प)


ग्राम पंचायत सिंधोरा की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिलीप कुमार यादव
सरपंच
कली बाई टंडन
उपसरपंच
लेखा साहू
सचिव
ऋतु यादव
रोजगार सहायक
रजनी चन्द्राकर
पंच
कृष्णा देवी डहरिया
पंच
बुधा बाई फेकर
पंच
सुखमणी यादव
पंच
सत्यवती यादव
पंच
शिवकुमार टंडन
पंच
परसराम
पंच
विनीत- समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत सिंधोरा


समस्त क्षेत्रवाशियों को गणतंत्र दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संकलनकर्ता एवं प्रस्तुति - हेमकुमार साहू संवाददाता हरिभूमि मो. 9617056240
मुरारी चन्द्राकर
विजय चन्द्राकर
प्रविण साहू

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी में मनाया गया वार्षिकोत्सव

# वार्षिकोत्सव में मची रही समूह और एकल नृत्य की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय – कनकी में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक का मंच अभिनय तथा वीरांगनाओं की वेशभूषा में सुसज्जित होकर विभिन्न माध्यमों से लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित करते रहे। साथ ही छात्र–छात्राओं ने वार्षिकोत्सव में अपने वर्षभर की गतिविधि को संकलित करते हुए विभिन्न तीज, त्यौहार, पर्व और परंपराओं को लोक कला और लोकगीत के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

इसमें मुख्य रूप से बस्तर अंचल की संस्कृति, सरगुजा, बिलासपुर रायपुर और दुर्ग संभाग की विभिन्न लोक कला के साथ, पंथी नृत्य का भी प्रस्तुतीकरण किया। उपरोक्त कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कनकी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी के छात्र–छात्राओं ने संयुक्त रूप से वार्षिकोत्सव में भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जनपद पंचायत सदस्य अरुण कुमार भारद्वाज, गांव के वरिष्ठ नागरिक ईलक राम वर्मा, पूर्व सरपंच संतोष कुमार वर्मा, ग्रामसभा अध्यक्ष दुर्गेश कुमार वर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुश्री सीमा मेश्राम ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित करके किया गया।

छात्र–छात्राओं द्वारा स्वागत गीत सरस्वती वंदना के साथ लोकगीत के साथ अपना वार्षिक उत्सव का प्रारंभ किया। इस कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश कुमार साहू के अलावा वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षक एल एल पटेल, सरोज गुप्ता, अगनु दास टंडन, रामजी निषाद, सरला दीवान, सविता उष्या, वीणा ठाकुर, श्वेता त्रिपाठी, अंजुम मरकाम, किशन लाल वर्मा, हेमंत कुमार साहू, पुष्कर प्रसाद साहू, विजयालक्ष्मी वर्मा, अजय कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार साडे ,सुश्री ईश्वरी वर्मा, अरुण कुमार नेताम, ममता वर्मा, जया वर्मा, साथ ही बृहद संख्या में बालक एवं पालक और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन श्वेता त्रिपाठी एवं अंजू मरकाम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संकलन श्रीराम निषाद एवं पुष्कर साहू द्वारा किया गया।




## नगर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**खरोरा।** भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता रैली खरोरा नगर में निकाली गई। आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, योगेंद्र त्रिपाठी, अमर बर्मन सहित स्काउट गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र व विद्यालय के छात्र छात्रायें उपस्थित थी।









खबर संक्षेप



## डिप्टी सीएम शर्मा ने शहीद परिवार को किया सम्मानित

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा शहीद प्रधान आरक्षक संजय यादव के परिजनों से मिलने राजधानी रायपुर के अजाक थाना के पीछे स्थित पुलिस कॉलोनी उनके निवास में पहुंचे। उन्होंने शहीद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि अर्पित की। परिजनों को शाल, श्रीफल, मिठाई एवं फल देकर सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने शहीद परिवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में शामिल हाने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का निमंत्रण संदेश लेकर आया हूं। उन्होंने परिजनों से बात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। उनके परिवार के फोटो एलबम को भी देखा।

## नागपंचमी, पोला और महानवमी को अवकाश

**रायपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग ने नागपंचमी, पोला और महानवमी के लिए छुट्टी का आदेश जारी कर दिया है। इन त्याहरों में नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर में स्थित सभी सरकारी कार्यालय संस्थाओं में अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश में नागपंचमी 9 अगस्त दिन शुक्रवार, पोला दो सितंबर दिन सोमवार और महानवमी 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को छुट्टी घोषित की गई है।

सम्मेलन : सन 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का रखा लक्ष्य

# नव मतदाता सम्मेलन में पीएम मोदी के उद्बोधन से युवक हुए गदगद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल





मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को देशभर में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं सांसद व युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने वर्चुअल तरीके से सम्बोधित किए। इसी कड़ी में कसडोल एवं लवन मण्डल संयुक्त नमो नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन नगर भवन कसडोल में सांसद गुहाराम अजगल्ले की मुख्य आतिथ्य में रखा गया था। सम्मेलन में उपस्थित देशभर के नव मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा भारत आज का युवा भारत है। युवा ही किसी देश का भविष्य और आधार होता है। युवाओं का एक-एक वोट देश की दिशा तय करता है, इसीलिए युवाओं को वोट देते समय यह तय करना चाहिए कि देश का गौरव, देश का विकास व देश की सुरक्षा किसके हाथ में सुरक्षित रहेगा। श्री मोदी ने कहा देश की आजादी के 25 वर्ष पहले युवाओं ने ही सन 1947 तक भारत को आजाद कराने का प्लान बनाया था। ठीक वैसे ही युवा शक्ति के बल पर अमृत काल में हमने सन 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा हैं। जो देश के 140 करोड़ जनता की सहयोग से पूरा होगा। इसके लिए खासकर हमारे देश के युवाओं को आगे आकर खूब मेहनत करना होगा।

नगर भवन कसडोल में उपस्थित कसडोल एवं लवन मण्डल के नव मतदाताओं व कार्यकर्ताओं को जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद गुहाराम अजगल्ले, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े एवं प्रदेश मंत्री श्यामबाई ने भी सम्बोधित किया। कसडोल मण्डल युवा मोर्चा के अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने स्वागत भाषण दिया, वहीं लवन मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामलाल कुर्रे ने आभार प्रदर्शन कर समापन की घोषणा की। मंच संचालन युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष गणेश शंकर साहू ने की। इस अवसर पर सांसद गुहाराम अजगल्ले, जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शीला वर्मा, जिला महामंत्री युवा मोर्चा प्रशांत यादव, उपाध्यक्ष अनुपम बाजपेई, कसडोल मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, लवन मंडल अध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष वैष्णव, उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त, युवा मोर्चा कसडोल महा मंत्री हरिकांत (राजू) साहू, समारु कैवर्त, दुखीराम साहू, दिलहरण साहू, शिव कुमार साहू, शनि यादव, विमल वैष्णव , पार्षद कुमारी कमल कैवर्त सहित बड़ी संख्या में नव मतदाता, कार्यकर्त्ता, छात्र-छात्राएं, बुद्धजीवी, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं ने निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी विभाग ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न ग्राम की करीब 100 बालिकाओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इसके अलावा समाज में उनके विकास हेतु समान अवसर और सम्मान दिलाने की ओर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करना था। इससे बालिकाओं में होने वाले भेदभाव में कमी लाई जा सके तथा उसे बढ़ाने के लिए समान अवसर मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को उनके शैक्षणिक अधिकारों एवं उन अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की गई, जो उनके विकास के लिए जरूरी है। इसके अलावा बालिकाओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज तभी प्रगति कर सकता है जब बालिकाओं को भी समान अवसर मिले तथा उन्हें भी सम्मान और समानता के साथ जरूरी सुविधाएं मिले।

- कार्यक्रम में समानता, सम्मान और अवसरों हुई चर्चा

### अनुशासन और धैर्य के साथ लक्ष्य पाने आगे बढ़े बालिकाएं

कार्यक्रम में अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र महिला कर्मचारियों ने भी अपनी सहभागिता निभाई तथा उपस्थित बालिकाओं को आगे बढ़ाने प्रेरित किया और कहा कि इच्छा शक्ति और लगन से हर बाधा को दूर किया जा सकता है। विशेष अतिथि के तौर पर ब्रह्माकुमारी से पधारी बहन नमिता ने बालिकाओं को अनुशासन तथा धैर्य के साथ अपने लक्ष्य को पानी हेतु मेहनत करने की सलाह दें तथा इसके साथ उन्होंने बालिकाओं को सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई करने तथा मन एकाग्र कर अपने लक्ष्य पाने सतत प्रयास करने की समझाइस दी। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका सिसोदिया ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग से वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे, तारनी राजपुत, प्रीतम पटेल, रामनिहोर साहू, उमाशंकर धीवर, मनोज वर्मा, सविता वर्मा, हेमलाल साहू की सहभागिता रही।

## पूर्व विधायक शकुंतला ने छेरछेरा की दी शुभकामनाएं



**अमेरा।** ग्राम रसौटा में पूर्व विधायक सुश्री शकुन्तला साहू ने छेरछेरा पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि महादान और फसल उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला छेरछेरा पुन्नी तिहार हमारी सामाजिक समरसता, दानशीलता की समृद्ध गौरवशाली परम्परा है। यह तिहार नई फसल के घर आने की खुशी में पौष मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसी दिन मां शाकम्भरी जयंती भी मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शंकर ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, इसलिए लोग धान के साथ साग–भाजी, फल का दान भी करते हैं।

# बच्चे-बूढ़ों ने मिलकर मांगा छेरछेरा दान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर सहित समूचे अंचल में अन्न दान का महापर्व छेरछेरा धूमधाम के साथ मनाया गया। छत्तीसगढ़ में यह पर्व नई फसल के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है। इस दौरान घर–घर जाकर लोग अन्न का दान मांगते हैं। गांव के बच्चे, युवक और बुजुर्ग सब घर–घर जाकर कीर्तन, रामायण टोली, निर्गुण भजन, नृत्य करते हूए अपने अपने हमजोलियों के साथ छेरछेरा मांगा। लोगों ने खुशी खुशी धान या सामर्थ के हिसाब से दान किया। लोक परंपरा के अनुसार पौष महीने की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष छेरछेरा का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन सुबह से ही बच्चे, युवक व युवतियाँ हाथ में टोकरी, बोरी आदि लेकर घर–घर छेरछेरा माँगते हैं। धान मिंसाई हो जाने के चलते गाँव में घर–घर धान का भंडार होता है, जिसके चलते लोग छेरछेरा मांगने वालों को दान करते हैं।इन्हें हर घर से धान, चावल व नकद राशि मिलती हैं। वहाँ उन्हें बड़ी मात्र में धान व नगद रुपए मिल जाते हैं।

# प्रदेशवासी भांजे को मानते हैं प्रभुश्रीराम का अवतार : साव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

समीपस्थ ग्राम सेमरिया में श्री गुहा निषादराज जयंती का आयोजन भक्तिभाव से निषाद समाज द्वारा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने शिरकत की। इस अवसर पर अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर एक विशाल कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें ग्राम सेमरिया के अलावा आस-पास गांवों से महिलाओं व बच्चों की कलश यात्रा में सहभागिता दिखी। साथ ही सैकड़ों लोग रामधुन पर नाचते गाते चल रहे थे।

यात्रा समाप्ति पर एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि, भगवान राम हम समस्त भारतवासियों के दिलों में विराजित है। हर भारतीय के रोम-रोम में प्रभु श्रीराम का वास है। हमारे छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम का ननिहाल माना जाता है। वहीं प्रभु राम को यहां के लोग अपना भांजा मान कर उसके चरण स्पर्श करते हैं। तभी से हमारे छत्तीसगढ़वासी अपने सगे भांजे को भी प्रभु श्रीराम का अवतार मानकर उनके चरणों का वंदन करते हैं।


इसी अवसर पर ग्राम सेमरिया के सरपंच एवं ग्रामवासियों की मांग पर इस ग्राम के अंदर सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने 5 लाख की स्वीकृति प्रदान की। ग्रामवासियों ने विधायक को सेमरिया घाट में बने एनीकट को दिखाते हुए इसमें होने वाले झरण के बारे में बता कर यहां पर पचरी निर्माण करवाने की मांग की। इस पर इन्द्र साव ने उन्हें आश्वस्त करते हुए इसे भी शीघ्र स्वीकृत करावाकर बनवाने की बात कहीं। कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

- गुहा निषादराज जयंती एवं श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल हुए विधायक

0 गुहा निषादराज जयंती एवं श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल हुए

## उत्तर मध्यमा हायर सेकंडरी की परीक्षा 1 मार्च से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम की ओर से हायर सेकंडरी उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (कक्षा 11वीं) एवं द्वितीय वर्ष (कक्षा 12वीं) हाई स्कूल पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (कक्षा 9वीं) एवं द्वितीय वर्ष (कक्षा 10वीं) की मुख्य परीक्षा 2024 की समय-सारणी जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा जारी समय.सारणी के अनुसार हाई सेकंडरी कक्षा 11वीं एवं 12वीं की परीक्षा 1 से 19 मार्च तक होंगी। हाई स्कूल कक्षा 9वीं और कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 2 से 21 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। यह सभी परीक्षाएं निर्धारित तिथियों में प्रातः 9 से दोपहर 12.15 बजे ली जाएंगी।















संकलनकर्ता- राकेश श्रीवास, हरिभूमि संवाददाता सिमगा, मो.- 9300696088, 9589914433

## खबर संक्षेप

### पटपड़ वार्ड में गूंजा रघुपति राघव राजा राम का भजन

**भाटापारा।** श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर पटपड़ वार्ड भगवा रंग से रंगा हुआ राम मय दिखाई दिया। सुबह 6 बजे बाजे गाजे एवं आतिशबाजी के साथ प्रभात फेरी निकाली गई, जो वार्ड के सभी गलियों में रघुपति राघव राजा राम का भजन करते हुए भ्रमण की। रामायण चौक में सुबह 11 बजे महिला मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। भगवान श्रीराम की आरती कर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जो वार्ड में भ्रमण की। वहीं वार्ड के प्रत्येक घर में शाम को वार्डवासियों द्वारा अपने-अपने घर के सामने रंगोली बनाकर घर को दीप से सजाया गया। लोगों ने रात में पटाखे फोड़ कर भगवान के आगमन का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से खिलावन साहू, डॉ. गुप्ता रामकुमार साहू, फिरतू साहू, आनंद साहू, रवि यादव, शकुन साहू, दशरथ ध्रुव, बलभद्र यादव, भुवनेश्वरी ध्रुव, कविता यादव, साधराम ध्रुव, छोटू ध्रुव, शिव साहू, सुधारी ध्रुव, गुलाब ध्रुव, रिशु धन ध्रुव, बाला यादव, पुरुषोत्तम सेन, अनिल ध्रुव ने कार्यक्रम का सहयोग किया।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संयोजकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**रायपुर।** एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए प्रदेश संयोजक एवं जिलेवार पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। प्रदेश संयोजक पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत, विधायक उमेश पटेल हैं। जिलेवार पर्यवेक्षक रायगढ़ चंद्रदेवराय, अनिल अग्रवाल, सक्ति गुरुमुख सिंह होरा, गुलाब कमरो, जांजगीर-चांपा शैलेष पाण्डेय, विनय भगत हैं।

पर्व : छेरछेरा... माई कोठी के धान ल हेरहेरा...

# अन्नदान का महापर्व छेरछेरा की धूम दान मांगने घर-घर पहुंची बच्चों की टोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ का लोक त्यौहार छेरछेरा पौष पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। गुरुवार को यह पर्व छत्तीसगढ़ में हर्षोल्लास और खुशियों के साथ मनाया गया। उत्सव और लोक परंपराएं छत्तीसगढ़ की खास पहचान हैं। अन्न दान का लोकपर्व छेरछेरा हर साल पौष यानी पूस महीने की पूर्णिमा तिथि को छत्तीसगढ़ में उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चें, युवक व युवतियां हाथ में थैला, टोकरी, झोली व बोरी लेकर घर–घर छेरछेरा मांगने अर्थात दान मांगने के लिए गए। घर वालें भी उत्साह के साथ धान का दान कर झोलियां भर दिए। ग्रामीण अंचलों के गांवों में दिन भर छेरछेरा... माई कोठी के धान ल हेरहेरा... अरन–बरन कोदो दरन...जभे देबे तभे टरन की गूंज सुनाई देती रही। वहीं छरेछेरा के सप्ताह भर पहले से ही गांवों में युवकों की टोलियां डंडा नृत्य करते भी नजर आयी। हालांकि अब डंडा नृत्य करने वालों की टोली बिरले ही नजर आतें हैं। मान्यता है कि इस त्यौहार पर जो भी दान किया जाता है वह महादान होता है। अन्न दान के महापर्व छेरछेरा के दिन अन्नपूर्णा देवी तथा मां शाकंभरी देवी की भी पूजा की जाती है। छेरछेरा पर्व में अन्न दान की परंपरा का निर्वहन किया जाता है। इस दिन झांझ, मंजीरा, मांदर और बैंड बाजे की धुन में वाद्य यंत्रों व पारंपरिक बाजे–गाजे के साथ नर्तक दल और युवाओं की टोली दान मांगने द्वार–द्वार पर दस्तक देती हैं। किसान भी खुले हाथों से बच्चों को अन्न का दान करते हैं और धान, चावल व नकदी दान के रूप में देते हैं। इस दिन अमीर और गरीब सभी लोग दान मांगते हैं। छेरछेरा के दिन छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रें में पारंपरिक छेरछेरा पुन्नी मेला का भी आयोजन किया जाता है।



### सामाजिक समरसता को बढ़ावा

छेरछेरा पर्व कृषि प्रधान संस्कृति में दानशीलता की प्राचीन परंपरा को याद दिलाता है। यह महापर्व यहां की सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक एकता को मजबूती प्रदान करता है। उत्सवधर्मिता से जुड़ा छत्तीसगढ़ ऐसे त्यौहारों के माध्यम से अपनी सुख–दुख की अभिव्यक्ति करता है। इससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। धान का दान देने की परंपरा का पालन आज भी ग्रामीण इलाकों में श्रद्धा भाव से किया जाता है। यह पर्व न केवल सांस्कृतिक बल्कि धार्मिक महत्व का भी पर्व है। इस दिन गली–मोहल्लें के घरों के सामने गोल घेरा बनाकर छेरछेरा गीत गाते हुए नृत्य करते बच्चों को घर वालों द्वारा जो भी दान मिलता है, उसे आपस में बांटते है। इस परंपरा से आपसी भाईचारा की भावना बढ़ती है।

**छेरछेरा पर्व की मान्यता** छेरछेरा पर्व को लेकर कुछ पौराणिक एवं प्रचलित कथाओं का भी जिक्र आता है। कई जनश्रुतियां व किवदंतियां भी इस पर्व को और अधिक प्रमाणिक सिद्ध करता है। कहा जाता है कि जब फसल तैयार हो जाती है, तो फसल के खेतों से खलिहानों में आने की खुशी और अच्छी फसल को लेकर आद्रा और पुर्नवसु नक्षत्र में लोक पर्व छेरछेरा मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन से ग्रामीण अंचलों में शुभ कार्यों की भी शुरुआत हो जाती है। छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान प्रदेश है। यहां के किसान वर्ग के लिए कृषि ही जीवकोपार्जन का मुख्य साधन है। इसी कारण कृषि आधारित जीवन शैली व आस्था और विश्वास के कारण ही अन्न दान करने का पर्व छेरछेरा अपने धन की पवित्रता हेतु मनाया जाता है।

### बगबुड़ा में छेरछेरा की रही धूम

बगबुड़ा। छत्तीसगढ़ का लोक पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा की प्रदेश में धुम रही। बलौदाबाजार जिले के गांव बगबुड़ा सहित अंचल में भी बड़े ही धूमधाम से यह पर्व मनाया गया। सुबह से ही लोकगीतों का वाचन करते बच्चे और बड़े घर–घर छेरछेरा मांगने पहुंचे। सभी के घरों में छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए गये और एक–दूसरे को परोसा गया। छेरछेरा मांगने वालों में प्रमुख रूप से मुकेश साहू, नरेंद्र पैकरा, पुरुषोत्तम साहू, खलेश्वर वर्मा, मिथलेश साहू, संजू साहू, नरेंद्र साहू साथ ही छोटे बच्चे शामिल थे।



# मानस महायज्ञ के समापन पर निकाली कलश विसर्जन यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री मानस महायज्ञ का 25 जनवरी गुरूवार को अंतिम दिवस था। प्रातः 8.30 बजे से यज्ञ प्रारम्भ होकर दोपहर 1 बजे पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद दोपहर 2 बजे कलश विसर्जन यात्रा यज्ञ स्थल दशहरा मैदान से निकाल कर पुराना बस स्टैंड, पिपरहा तालाब, बजरंग चौक, सदर बाजार, नेहरू चौक, गांधी चौक, मानस मंदिर, सुभाष चौक, मुख्य मार्ग होकर यज्ञ स्थल पहुंची। यात्रा का मुख्य आकर्षण जिला भ्रमण रहा।

श्रीराम दरबार एवं प्रसिद्ध गायक दीपक केशरी की यात्रा के साथ चलित भजन हुआ। संध्या 5 बजे श्रीराम की महाआरती के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया।







